Regd. No. 185

Haryana College Teachers' Association

(Affiliated to AIFUCTO)
Website : www.hcta.in

Dr. Narender Chahar
President
Vaish College, Bhiwani
Mob. : 098133-26900
Email: narenderchahar11@gamil.com

Dr. Ravinder Gasso
General Secretary
D.A.V. College, Pundri (Kaithal)
Mob. : 094161-10679
Email: gassoravinder@gamil.com

Ref. No...............................

Dated 27.2.2014

1.1.2006 के बाद नियुक्त शिक्षकों की नई पैंशन स्कीम

साथियो! हार्दिक शुभकामनाएँ!

1.1.2006 के बाद नियुक्त शिक्षकों की नई पैंशन स्कीम को सहायता-प्राप्त कॉलेजों में शुरू करवाना एक बड़ी चुनौती थी, एक संघर्ष था। यह मामला अब सफलतापूर्वक सिरे चढ़ रही है। वित्त-विभाग/वित्त मंत्री ने सरकार की ओर से मैचिंग-ग्रांट (लगभग 8.50 करोड़) जारी करने वाली फाईल अनुमोदित कर दी है। फिर भी हम सतर्क हैं कि फिर रुकावट न आये।

साथियो! 5.1.2011 को सरकार ने पैंशन स्कीम के लिए एक पत्र जारी किया था। यह पत्र हमारी (एचसीटीए) की तत्कालीन वित्त मंत्री व उच्च अधिकारियों के साथ विस्तृत व उच्च स्तरीय मीटिंग के बाद जारी हुआ था। पत्र अपनी साइट (www.hcta.in) पर है। 'New Defined Contridutory Pension Scheme' का अभी 'डिफाइन' होना तो दूर यह 'स्कीम' भी तब नहीं बनी थी। केन्द्र व राज्य दोनों स्तरों पर यही हाल था। 2012-13 में जब यह स्कीम राजकीय कॉलेजों में लागू होनी शुरू हुई तो हमने भी सरकार के पास इस मुद्दे को उठाना शुरू किया तो कुछ उच्चाधिकारी इस सकीम को एडिड कॉलेजों में लागू करने से ही मना करते रहे। यहाँ तक कि 5/1/11 के HEC Letter No-2/01/11, C-II (1) को DGHE ने खुद ही मानने से इन्कार कर दिया। सन्देहास्पद ढंग से कहा गया कि इस आदेश को जारी करने वाली वित्त-मंत्री के साथ हुई एचसीटीए की मीटिंग की प्रोसीडिंग ही नहीं मिल रहीं। फिर हमने इस पत्र को मुख्यमंत्री के प्रधान विशेषाधिकारी श्री एम.एस. चोपड़ा जी के माध्यम से मुख्यमंत्री से सीधे, ऊपर से ही अनुमोदित करवाया तब यह फाईल चली। हम सभी मुख्यमंत्री जी और चोपड़ा साहब जी के बहुत आभारी हैं। मुझे याद है 2013 की पूरी गर्मी हम मुख्य रूप से इस फाईल के लिए चण्डीगढ़-पंचकुला के चक्कर लगाते रहे।

अगस्त 2013 तक इस फाईल को कम्पलीट होने में लगभग 8 महीने लगे तथा कुल 610 शिक्षकों का 8,29,70, 831 सरकार की ओर से मैचिंग ग्रांट जारी करने का डाटा बना। इसमें हुई देरी के लिए हमारे कॉलेजों समेत पूरी व्यवस्था ही जिम्मेदार है।

यह फाईल वित्त-विभाग के पास अक्तूबर 2013 को उसकी आपत्तियों के जवाब के साथ फिर भिजवाई। 15/10/13 को हमने इस फाईल को वित्तायुकत उच्चतर शिक्षा के यहाँ से वित्त-विभाग को भिजवाने के लिए चोपड़ा साहब का फोन करवाया। 23.10.13 को हमने कुरुक्षेत्र में वित्तायुक्त श्री एस.एम.

Regd. No. 185

Haryana College Teachers' Association

(Affiliated to AIFUCTO)
Website : ww.hcta.in

Dr. Narender Chahar
President
Vaish College, Bhiwani
Mob. : 098133-26900
Email: narenderchahar11@gamil.com

Dr. Ravinder Gasso
General Secretary
D.A.V. College, Pundri (Kaithal)
Mob. : 094161-10679
Email: gassoravinder@gamil.com

Ref. No.................................. Dated 27.2.2014

प्रसाद से इस सम्बन्धी ज्ञापन दिया। 11.12.13 को वित्त सचिव श्री राजन गुप्ता से मुलाकात संभव न हो पाई। 23/12/13 को उन्हें चोपड़ा साहब का फोन करवाया और स्वयं 28/1/2014 को उनके दफ्तर में मिले। हमारी प्रार्थना पर श्री राजन गुप्ता जी ने 31/1/14 को पूरी स्कीम को मान्यता देते हुए फाईल फाइनल अनुमोदन के लिए वित्तमंत्री के पास भेज दी। 11/2/2014 को हम वित्त-मंत्री के पी.ए. श्री ओम प्रकाश जी से मिले। 16/2/2014 को वित्त-मंत्री श्री एच.एस. चट्ठा से सुबह 7 बजे कुरुक्षेत्र स्थित उनके निवास पर मिले।

वित्त मंत्री से 17.2.2014 को अनुमोदित होकर यह फाईल अब डाउन FD-II तक आ चुकी है। सहयोग के लिए हम श्री राजन गुप्ता जी व वित्तमंत्री श्री एच.एस. चट्ठा जी के बहुत आभारी हैं। 21/2/2014 को हम FD-II में भी अधिकारियों से मिलकर आए हैं, लेकिन एक अधिकारी के छुट्टी पर होने के कारण उस दिन यह फाईल श्री एस.एस. प्रसाद जी के दफ्तर नहीं भिजवा सके। संभवत: मार्च के पहले हफ्ते तक यह निदेशालय पहुंच जायेगी। हमारी कोशिश रहेगी कि जल्द से जल्द शिक्षकों के पैंशन खाते खुलें। राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर हम 2006 से पहले वाली पैंशन-नीति लागू करवाने के लिए चल रहे संघर्षों का हम हिस्सा हैं। केन्द्र में आगामी सरकार की चाल/चरित्र व ट्रेड-यूनियन आंदोलन की शक्ति पर ही पुरानी पैंशन स्कीम को लागू करवाने की मांग का भविष्य रहेगा।

शिक्षक एकता जिन्दाबाद — एच.सी.टी.ए. जिन्दाबाद

समस्त पदाधिकारी